## नाहन में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# सिरमौर में नौ राष्ट्रीय उच्च मार्गों के बनने से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा : डॉ. बिंदल

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** 72वें स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह आज नाहन के ऐतिहासिक चौगान में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काऊट एंड गाईड तथा शहर के विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकषर्क मार्चपास्ट की सलामी ली गई। परेड का नेतृत्व पुलिस उप-निरीक्षक प्रियंका ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मातृभूमि को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करवाने के लिए हमारे देश के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र को आजाद करवाया। शहीदों की कुर्बानी के फलस्वरूप आज पूरा देश खुली हवा में सांस ले रहा है और कृतज्ञ राष्ट्र शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुला पाएगा । उन्होंने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की देशभक्ति पर लिखी कविता की पंक्तियों को पढ़कर सुनाया । उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाए रखने के लिए लोगों का आहवान किया ।

डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिए कुल 69 राष्ट्रीय उच्च मार्ग स्वीकृत किए है जिनमें से 9 राष्ट्रीय उच्च मार्ग जिला सिरमौर के शामिल है जिनके सर्वेक्षण व डीपीआर इत्यादि बनाने का कार्य प्रगति पर है । उन्होंने कहा कि जिला में राष्ट्रीय उच्च मार्गों के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कालाअंब -पांवटा राष्ट्रीय उच्च मार्ग में 103 पुलियों के निर्माण और सड़क के रखाव पर 56 करोड़ की राशि व्यय की गई है ।



नाहन में शहीद स्मारक पर सलामी देते हुए राजीव बिंदल।

उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में पर्यटन की अपार संभावनाऐं मौजूद है और एशियन विकास बैंक के माध्यम से जिला में पर्यटन गतिविधियों के सृजन के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सर्कट के अन्तर्गत नाहन शहर की ऐतिहासिक धरोहरों व स्मारक तथा जिला के प्राचीन मंदिरों, गुरूद्वारों इत्यादि को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि सिरमौर संस्कृति का सरंक्षण भी हो तथा स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।

डॉ. बिदंल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर द्वारा गत सात महीने के छोटे से कार्यकाल के दौरान प्रदेश के विकास के लिए भारत सरकार से 6310 करोड़ की विभिन्न परियोजनाऐं स्वीकृत करवाई गई जोकि राज्य के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा बजट में रखी गई 30 नई योजनाओं पर कार्य करना आरंभ कर दिया गया है जिसमें हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना काफी लोकप्रिय हो रही है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में 224 करोड़ की सौर सिंचाई योजना तथा 175 करोड़ की बहाव सिंचाई योजना कार्यानवित की जा रही हैं जिसमें किसानों को 90 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी ।

डॉ0 बिंदल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के बुनियादि ढांचें को सुदृढ़ करने के लिए एशियन विकास बैंक के सौजन्य से 1892 करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना स्वीकृत की गई है इस परियोजना के अन्तर्गत शहरों का सौंदर्यकरण, पर्यटन की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास, धरोहर भवनों का जीर्णोद्धार तथा पर्यावरण एवं साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देकर युवओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री स्वाबलंबन योजना आरंभ की गई जिसमें युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए 25 प्रतिशत तथा महिलाओं को 30 प्रतिशत पूंजी अनुदान दिया जा रहा है । उन्होंने कहा कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बागवानी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा 1688 करोड़ रुपये की बागवानी परियोजना स्वीकृत की गई है ताकि प्रदेश में बागवानी को बढ़ावा मिल सके । उन्होंने कहा कि जीरो बजट जैविक खेती करने को बढ़ावा दिया जा रहा है जिस पर चालू वित वर्ष के दौरान 25 करोड़ की राशि व्यय जा रही है।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस अवसर पर मैराथन दौड़ में राष्ट्रीय व अर्न्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त करने पर संगड़ाह विकास खण्ड के गांव माईना निवासी सुनील शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्यार चंद को पर्यावरण सरंक्षण में बहुमूल्य योगदान देने तथा चाईल्ड लाईन संस्था के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने प्रतिभागियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस अवसर पर पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाऐं प्रदान करने वाले 20 कर्मचारियों तथा पुलिस को चोरी इत्यादि की जांच में सहयोग देने वाले पांच व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया । पुलिस कर्मचारियों में निरीक्षक संजय कुमार और अशोक कुमार, पुलिस उप निरीक्षक बलवंत सिंह, बीरू अहमद और जीत सिंह, सहायक पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार, लेखराज, पदमदेव और चेतन चौहान, हैड कांस्टेबल आशु अग्रवाल, दयाल सिंह, ज्ञान चंद, कृष्णलाल और रोशन लाल, कांस्टेबल शहीद अली, सुरजीत सिंह, मोहम्मद तोसिफ, दीप राम, अमित और महिला कांस्टेबल सपना कुमारी को उत्कृष्ट सेवाऐं प्रदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया । इसके अतिरिक्त पुलिस को विभिन्न चोरी इत्यादि मामलों की जांच देने में सहयोग देने के लिए माजरा निवासी साबर अली और मीना बेगम, नाहन निवासी स्नेह जैन, निक्का राम और विक्रांत को भी क्रमशः 2500 और दो हजार का नकद देकर पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिंदल द्वारा नाहन स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । इसके अतिरिक्त उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।

इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नि श्रीमती मधु बिंदल, विधायक सुखराम चौधरी और सुरेश कश्यप, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, मण्डलाध्यक्ष दीनदयाल वर्मा, अध्यक्ष नगर परिषद अनिता शर्मा, उपायुक्त सिरमौर ललित जैन, एसपी सिरमौर रोहित मालपानी, अतिरिक्त उपायुक्त आदित्य नेगी, पंचायत समिति की अध्यक्षा कविता चौहान, प्रतिभा कौशिक, ओपी सैनी, राकेश गर्ग, मोहिनी गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस मौके पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके समारोह को आकर्षक बनाया गया।

इसके अतिरिक्त जिला के सभी उप मण्डल और तहसील/उप तहसील मुख्यालय पर भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और संबधित एसडीएम और तहसीलदार/नायब तहसीलदारों द्वारा ध्वज फहराया गया।

## राज्यपाल ने बलराम दास टण्डन के निधन पर किया शोक व्यक्त

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलराम दास टण्डन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका रायपुर में दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।

राज्यपाल ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि श्री टण्डन का लोकतांत्रिक परम्पराओं और मूल्यों को बनाए रखने में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने समाज के पिछड़े वर्गों के लोगों के उत्थान के लिए हमेशा ही कार्य किया है। उनका देहान्त राष्ट्र के लिए एक महान क्षति है।

आचार्य देवव्रत ने दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

हमारी ओर से आप सभी को 72वें स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेश भारद्वाज
खनन अधिकारी,
जिला सिरमौर, नाहन, हि.प्र.

हमारी ओर से आप सभी को 72वें स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

हरिचंद चौहान
सहायक अभियंता लोकनिर्माण उपमंडल रेणुकाजी
ज़िला सिरमौर (हि.प्र.)

हमारी ओर से 72वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
माँ वैष्णु स्टोन क्रेशर
HAPPY INDEPENDENCE DAY
गांव सैनवाला, तहसील नाहन,
ज़िला सिरमौर, प्रो. संजय सिंघल